जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-7 | जयपुर, सोमवार, 20 फरवरी, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## लोक कलाओं और संस्कृति के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध-मुख्यमंत्री



**जोधपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर के अशोक उद्यान में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित 25 वें लोकानुरंजन मेले का उद्घाटन जयनारायण व्यास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा नगाड़े पर थाप लगाकर व कुंकुम के छापे अंकित कर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोक कलाओं और संस्कृति के संरक्षण के लिए निरन्तर प्रयत्नरत है। गहलोत ने मशहूर कलाविदों, लोक कलाकारों, साहित्यिक विभूतियों का जिक्र करते हुए सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण में उनकी अतुलनीय भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोक कलाकारों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इसी दिशा में कलाकारों के लिए 100 करोड़ की धनराशि का प्रावधान किया गया है एवं इन कलाकारों के लिए 100 दिन का कार्य उपलब्ध करवाकर मानदेय दिया जा रहा है। गहलोत ने कलाकारों को मारवाड़ और राजस्थान की थाती बताया और कहा कि इनके माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को लोक संस्कृति व परंपराओं के बारे में जानने-समझने तथा सीखने के अवसर मिलते हैं। उन्होंने कहा कि लोक कलाकारों को सम्बल के साथ ही लोक संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ई-वाहन में बैठकर पूरे मेले का अवलोकन किया। उन्होंने लोकानुरंजन मेले में देश के विभिन्न राज्यों के कलाकारों के समागम और बहुविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि इससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सम्पर्क और समन्वय बढ़ेगा।

## सीएम गहलोत ने की राजस्थान में 1 लाख नई भर्तियों की घोषणा



**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार ने जनता के लिए खजाना खोल दिया है। बजट में मुफ्त वाली कई सौगातों की घोषणा के बाद अब गहलोत ने एक लाख सरकारी नौकरियों का ऐलान किया है। विधानसभा में बजट परिचर्चा पर का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक लाख नई भर्तियों की घोषणा की। इसके साथ ही चिरंजीवी योजना का दायरा बढ़ाने का ऐलान किया है। योजना के तहत अब ऑर्गन ट्रांसप्लांट भी करवाया जा सकेगा। यह सुविधा प्रदेश के बाहर के हॉस्पिटल्स में भी उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने 5000 राजीव गांधी युवा मित्र, महाराव शेखाजी आर्मी ट्रैनिंग स्कूल खोलने और संभाग लेवल पर भी आर्मी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट खोलने की बात कही है। बीकानेर में आई स्टार्ट अप सेंटर खोलने का ऐलान किया है तो नए सरकारी कॉलेज, हवामहल में उर्दू बीएड कॉलेज खोलने की घोषणा की। सरकारी कॉलेजों में ओपन जिम खोलने की बात कही है। इस दौरान गहलोत पीएम मोदी पर भी हमलावर दिखे। गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी जिस तरह से राज्य सरकारों पर कमेंट कर रहे हैं, वह संघीय ढांचे के अनुरूप नहीं है। पीएम मोदी ने राज्यसभा और हाल ही में दौसा में राज्य सरकार पर कमेंट किए है। वह उचित नहीं है। सीएम गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी का नाम लेकर कहा कि यहां तो उलटी गंगा बह रही है। सीएम गहलोत ने कहा कि कहा कि जब विधायकों और सांसदों की सैलरी मनमर्जी से बढ़ सकती है तो सरकारी कर्मचारियों को भगवान भरोसे नहीं छोड़ सकते। उन्हें भी पेंशन का हक है। गहलोत ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि राजस्थान के बजट में 21 हजार करोड़ की कटौती की गई है। राज्य सरकार के लिए इतनी बड़ी रकम मायने रखती है।



## अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने किया पारद शिवलिंग का महा रुद्राभिषेक

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने महाशिवरात्रि पर तारा ज्योतिष साधना केंद्र में पारद शिवलिंग का महा रुद्राभिषेक किया । आचार्य ने बताया कि शनि प्रदोष के साथ महाशिवरात्रि का पर्व है । भोलेनाथ का दरबार सजाया, पंचामृत से अभिषेक करके गन्ने का रस चढ़ाया और दूध से अभिषेक करके रुद्री के पाठ किए । सभी के लिए मंगल कामना की । इस दौरान पंडित हरिओम शास्त्री, पंडित राजेश शास्त्री, पंडित राहुल दाधीच, बाबूलाल सैनी, लालचंद सैनी, कैलाश सैनी, राजू सैनी, गेंदीलाल सैनी, छोटू लाल सैनी, मनीष सैनी, चेतन सैनी, सनी सैनी, रोहित सैनी, हर्ष सैनी, अनिल सैनी, बल सैनी, आमोद चौधरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## सामोद दुर्घटना में पीड़ित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और विधायक ने 51-51 हज़ार रुपये के सौंपें चेक



**चौमूं (हमारा वतन)।** कुछ महीने पूर्व पलसाना में हुई दुर्घटना में सामोद निवासी पीड़ित परिवार में छोटी बच्ची शानवी मल्होत्रा के नाम से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पुनिया और विधायक रामलाल शर्मा ने 51-51 हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता राशि भेट की। गौरतलब है कि कुछ महीने पूर्व पलसाना में हुई दुखद दुर्घटना में सामोद के एक परिवार के कई सदस्य काल का ग्रास बन गए, जिसमें एक वर्षीय शानवी ने अपने माता पिता को खो दिया था। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पुनिया ने सामोद पीड़ित परिवार के घर पहुँचकर आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। इस दोरान विधायक रामलाल शर्मा भी साथ रहें। डॉ सतीश पुनिया ने दुर्घटना में घायल हुए लोगो की कुशलक्षेम जानी और परिवार के प्रति अपनी संवेदनाये व्यक्त की।

इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य महेश यादव ,पूर्व सरपंच दिनेश चतुर्वेदी ,उप सरपंच महेंद्र शर्मा ,रोहिताश मीणा, गिरिराज प्रजापति, लतीफ पठान, बल्लु सैनी, मोहन लखेरा, जाकिर लुहार, प्रहलाद यादव, बाबूलाल कंपनी, लेखराज सैनी, नरेश बुनकर उपस्थित रहे।

## पंचायत समिति जालसू की ग्राम पंचायतों में दिया अटल भूजल योजना का प्रशिक्षण

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर जिले की जालसू पंचायत समिति की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन हित सेवा संस्थान नागौर एवं आदर्श सरस्वती महिला शिक्षा एवं विकास समिति द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में अटल भूजल योजना का प्रशिक्षण दिया गया ।



इस दौरान ग्राम अनोपुरा, बिहारीपुरा, बरना, गोविंदपुरा, दुर्गा का बास, भीलपुरा में प्रशिक्षण दिया गया । अटल भूजल योजना प्रशिक्षण दौरान बताया गया कि कैसे लोग पानी को बचाकर सदुपयोग कर सकते हैं । कैसे रिचार्ज सफ्ट बनवानी है, फार्म फोण्ड कैसे बनवाने हैं और बरसात के पानी को कैसे स्टोर किया जा सकता है ।

इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञ धर्मेंद्र चौधरी(Dip),सुरेश बराला, आदर्श सेवा समिति के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राम भरोसी पोसवाल, ट्रेनर मुकेश लाखन शैतान मीणा, शैतान वर्माऔर ग्राम सरपंच व ग्रामवासी मौजूद रहे ।



# आदिश्री महिला एवं बाल विकास संस्था ने आयोजित किया नारी शक्ति सम्मान समारोह,100 महिलाओं का हुआ सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** पिंकसिटी जयपुर स्थित होटल मिस्टिक फाल्स में आगामी महिला दिवस के उपलक्ष्य में आदिश्री महिला एवं बाल विकास संस्था तथा कलाअंकित और भाग्य फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में नारी शक्ति सम्मान एवं नखराली बिंदनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान पब्लिक ट्रस्ट बोर्ड देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार के सदस्य बसंत जैन बैराठी और समाजसेवी ममता शर्मा रही । सेलिब्रिटी गेस्ट डॉ. मोनिका सेठ रही ।

विशिष्ट अतिथि स्नेह लता भारद्वाज, अजय उपाध्याय, राहुल शर्मा,सुमन शर्मा और डॉक्टर सुनील ढंढ रहे । आदिश्री महिला एवं बाल विकास संस्था की फाउंडर सौम्या उपाध्याय ने बताया कि इस दौरान लगभग 100 ऐसी महिलाओं का सम्मान किया गया जिन्होंने अपने - अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है ।

संबोधित करते हुए कहा कि इस देश के विकास में महिलाओं ने अपनी एक अलग भूमिका निभाई है । देश



में लक्ष्मीबाई जैसी कई महिलाओं का योगदान है । हम वर्तमान में ऐसी महिलाओं का सम्मान कर रहे हैं जिन्होंने अपने - अपने क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है ।

**सौम्या उपाध्याय का भी हुआ सम्मान–**

कार्यक्रम की संयोजक सौम्या उपाध्याय का एमएस इवेंट्स की डायरेक्टर डॉ. मोनिका सेठ ने उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए सम्मानित किया । सम्मान स्वरुप क्राउन और नेकलेस सेट प्रदान किया ।

इस दौरान नखराली बिंदनी कार्यक्रम का भी




आयोजन आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी भारतीय संस्कृति को पेश कर तालियां बटोरी

। इसमें पूनम जैन, रीनु शर्मा, सेजल सोनी, नंदनी सोनी, ऋतु शर्मा, अनुपृति भार्गव, विनीता गौतम, अनिता ककड़, ग़ज़ल सोनी ने हिस्सा लिया ।

इस दौरान आकाश गौतम, वरुण शर्मा, हिमांशु शर्मा, मेहुल शर्मा, प्रणय उपाध्याय, रीतिका शर्मा, नंदनी सोनी, कीर्ति शर्मा , मोहित गौतम, सत्यनारायण अवस्थी,रजनी माथुर ,मीना श्रीवास्तव , अमृता श्री , रितिका शर्मा , अरुणा उपाध्याय, पिंकी शर्मा, मधु शर्मा ,विनीता शर्मा, निर्मला जैन, कोमल जैन, सोनू अग्रवाल, सीए सचिन जैन, मॉडल जया, कविता पंजवानी आदि लोग मौजूद रहे । मंच संचालन फ़ैज़ी खान ने किया।




## 15 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर के पोस्टर का हुआ विमोचन

**चौमूं (हमारा वतन)।** शहर के जयपुर रोड गणेश विहार द्वितीय में स्थित जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल में 15 दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें डॉक्टर आर.के. सैनी एवं डॉ. अशोक कुमार सैनी अपनी सेवाएं देंगे । शिविर में परामर्श निःशुल्क रहेगा एवं जांच एवं दवाइयों पर छूट रहेगी। शिविर में रीड की हड्डी, कमर, गर्दन, घुटना दर्द, जोड़ रोग, लकवा, बच्चों के चलने फिरने की समस्या, हकलाना, तुतलाना, स्पीच थेरेपी, मनो चिकित्सा, सेक्स संबंधी समस्याएं, डिप्रेशन, शराब की लत जैसी कई प्रकार की समस्याओं का उचित परामर्श एवं इलाज किया जाएगा । यह शिविर 15 दिन तक चलेगा जो दिनांक 19 फरवरी से चालू होकर 5 मार्च तक चलेगा । इस अवसर पर डॉक्टर आरके सैनी, लालचंद गोरा, दीपक, महेंद्र, आलोक, मनीष, विशाखा देवी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।



## गौ सेवक शेर सिंह कुमावत का एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम के दौरान हुआ सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** गौ रक्षा दल गोविन्दगढ़ के अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत का ग्राम मलिकपुर में एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम में माला पहनाकर सम्मान किया गया । कार्यक्रम में गौ ऋषि प्रकाश दास जी महाराज ने उपस्थित लोगों को गौ सेवा का संकल्प दिलाया। मिठी मिठी बोल बंजारी, हनुमान जी महाराज के भजन सुनाए । गौरतलब है कि शेर सिंह कुमावत सच्चे गौ सेवक के रूप में क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं ।

इनकी टीम 24 घंटे गौवंश की सेवा में तत्पर रहती है । हजारों गौवंश की अब तक जान बचा चुके हैं ।


## वली मोहम्मद कुरैशी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी खादी एवं ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नियुक्त



जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार खो नागोरियान जयपुर निवासी वली मोहम्मद कुरैशी को प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर परमानंद पंवार द्वारा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खादी एवं ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है । प्रदेश अध्यक्ष ने वली मोहम्मद को नियुक्ति पर बधाई दी और कहा कि आप की नियुक्ति से पार्टी एवं संगठन को प्रदेश में और अधिक मजबूती मिलेगी।

## महंत रामफूलदास महाराज ने महाशिवरात्रि पर किए श्री महंगेशवर महादेव के दर्शन

**जयपुर (हमारा वतन)।** सर्व सिद्धेश्वर मालेरा धाम के महंत रामफूलदास महाराज ने महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रीं महंगेशवर महादेव, ग्राम महंगी, तहसील आंधी, जमवारामगढ़ के दर्शन किए । महाराज ने गंगा जल से अभिषेक किया। महाराज ने बताया कि भोले नाथ सब देवताओं में भोले बाबा हैं, थोड़ी सेवा से प्रसन्न होकर आशीर्वाद प्रदान करते हैं । महाराज ने पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख शांति और समृद्धि की कामना की । महाशिवरात्रि को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था । इस मन्दिर में आने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं । इस मन्दिर का निर्माण 400 साल पहले हुआ था । यहां जो भगवान शिव की प्रतिमा है वो प्राकृतिक प्रकट बताते हैं ।मन्दिर पुजारी ने बताया कि यहां हमेशा भक्तों का तांता लगा रहता है और सभी के मनोरथ पूर्ण होते हैं । इस दौरान मुरारी शर्मा मानपुरा, सुरेंद्र, गांधी,मामराज गुर्जर (पूर्व पंचायत समिति सदस्य) मानपुरा, मुरली, सुरेश, कैलाश, सीताराम, गोपाल, किशोर ज्योतिषी आदि भक्त मौजूद रहे ।



## वृद्ध आश्रम में मनाई दया दृष्टि फाउंडेशन की प्रथम वर्षगांठ



**जयपुर (हमारा वतन)।** दया दृष्टि फाउंडेशन की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में प्रेम निकेतन शुभ शांति निवास वृद्ध आश्रम में मातृ पितृ दिवस संगीत समारोह के रूप में मनाया गया । प्रेम निकेतन निवासियों व गंभीर बीमारी से ग्रस्त रोगियों के बीच फाउंडेशन के सदस्यों , आगंतुकों तथा सहगायक कलाकारों ने भजन , गीत व कविता गाकर उनको प्रसन्नता प्रदान करने का प्रयास किया। वहां के वरिष्ठ जनों ने पूरी तरह से संगीत का आनंद लिया और सभी ने मिलकर अन्ताक्षरी खेली। फाउंडेशन डायरेक्टर अलका चौधरी, पूनम खंगारोत व शिखा शर्मा ने प्रेम निकेतन के मीना गर्ग एवं शेखर गर्ग को बहुत-बहुत आभार प्रकट किया। कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल शर्मा , अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा ने गायक कलाकारों, जीत भारद्वाज, प्रीति, पूनम माथुर एवं सुरेंद्र शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने अपने सुमधुर आवाज से वरिष्ठजनों को मुस्कान प्रदान की। इस अवसर पर ममता शर्मा, श्रीमती चड्ढा, शशि पाठक, प्रतीक्षा गुप्ता,शालू,नम्रता चंपावत, अजहरुद्दीन आदि ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

## पेट्रोल–डीजल के घटेंगे दाम, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिए ये संकेत

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राज्यों के सहमत होने पर पेट्रोलियम उत्पादों को माल एवं सेवा कर के तहत लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कुछ साल से सरकार का प्रयास आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के इरादे से सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करने का रहा है।उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सदस्यों के साथ बजट-बाद बैठक में वित्त मंत्री ने कहा, पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने को लेकर प्रावधान पहले से उपलब्ध है। मेरे पूर्ववर्ती ने इस संदर्भ में विकल्प खुला रखा है। पांच पेट्रोलियम उत्पाद...कच्चा तेल, पेट्रोल, हाई स्पीड डीजल, प्राकृतिक गैस और विमान ईंधन जीएसटी से बाहर है। इन उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने की तिथि के बारे में माल एवं सेवा कर परिषद को विचार करना है।

## जॉब्स

1. एओसी, पद ट्रेड्समैन मेट और फायरमैन पद संख्या 1793, अंतिम तिथि 26 फरवरी 2023
2. राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग(RSMSSB), पद सूचना सहायक, पद संख्या 2730, अंतिम तिथि 25 फरवरी 2023
3. राजस्थान गृह विभाग, पद अर्बन होमगार्ड, और बॉर्डर होमगार्ड, पद संख्या 3842, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2023
4. माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान बीकानेर, पद सहायक अध्यापक, पद संख्या 9712, अंतिम तिथि 1 मार्च 2023
5. एसजीपीजीआई लखनऊ, पद स्टाफ नर्स, पद संख्या 1964, अंतिम तिथि 1 मार्च 2023
6. आर्मी सीएमई पुणे, पद एमटीएस, एलडीसी, लसकर व अन्य, पद संख्या 119, अंतिम तिथि 4 मार्च 2023
7. भारतीय नौसेना, पद ट्रेड्समैन, पद संख्या 191, अंतिम तिथि 6 मार्च 2023
8. असम राइफल्स, पद ट्रेड्समैन, पद संख्या 617, अंतिम तिथि 19 मार्च 2023




# जब गाली देने पर ईशा देओल ने अमृता राव के गाल पर जड़ दिया था थप्पड़

फिल्म इंडस्ट्री देखने में बड़ी ग्लैमेरस लगती है। लेकिन, दूसरे फील्ड्स की ही तरह इस फील्ड में भी दो लोगों के बीच कॉम्पटीशन की भावना पनपती रहती है। एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी रहती है। इसकी वजह से कभी-कभी रिश्तों में दरार भी आती है। जी हां, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में भी ऐसा होता है। इसका एक उदाहरण ईशा देओल और अमृता राव हैं। दोनों के बीच इतनी गंदी लड़ाई हुई थी कि कि ईशा देओल ने सबके सामने अमृता राव को थप्पड़ जड़ दिया था।



**इस वजह से मारा था थप्पड़**-यह मामला साल 2005 का है। ईशा देओल और अमृता राव अपनी फिल्म प्यारे मोहन की शूटिंग कर रहे थे। एक दिन पैक अप होने के बाद अमृता राव ने निर्देशन इंद्र कुमार के सामने ईशा देओल को गाली दी। ईशा को ये बात बर्दाश्त नहीं हुई और उन्होंने जवाब में अमृता राव को थप्पड़ मार दिया। जब दोनों के बीच लड़ाई हो रही थी तब सेट पर फरदीन खान और विवेक ओबेरॉय भी मौजूद थे।

**अमृता ये डिजर्व करती थी - ईशा** से एक इंटरव्यू में जब ईशा से इस लड़ाई के बारे में पूछा गया तब अभिनेत्री ने कहा था, मैंने अपनी सेल्फ रिस्पेक्ट और डिग्निटी का ख्याल रखते हुए उस हिट ऑफ द मूमेंट में अमृता के गालों पर थप्पड़ जड़ दिया था। मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने उस वक्त मेरे साथ जिस तरह का बर्ताव किया था उसके बाद तो वे एक थप्पड़ डिजर्व करती थीं।

**अब कैसे हैं अमृता और ईशा के रिश्ते?** ईशा ने अपनी बात को खत्म करते हुए कहा था, मैं एक सभ्य परिवार से ताल्लुक रखती हूं। ये मेरा स्वभाव नहीं है। उन्होंने मुझे उकसाया तभी मैं ऐसा रिएक्शन दिया। अमृता को भी समझ आ गया था कि उन्होंने जो कहा वो गलत था तभी उन्होंने बाद में आकर मुझसे माफी मांगी थी।




## स्वरा ने प्लान की बिग फैट वेडिंग, कोर्ट मैरिज के बाद अगले महीने रीति-रिवाज के साथ करेंगी शादी

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने समाजवादी पार्टी के नेता फहद अहमद से कोर्ट मैरिज कर ली है। अब अभिनेत्री और फहद पूरे रीति-रिवाज के साथ शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों अगले महीने शादी करने वाले हैं। आज दोनों ने अपने करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों के लिए पार्टी का आयोजन किया और इस पार्टी के दौरान सगाई की। इसके बाद दोनों ने अपनी शादी का ऐलान किया। बता दें, दोनों की सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

**पार्टी में शामिल हुए कई सेलेब्स**-स्वरा और फहद द्वारा आयोजित की गई लंच पार्टी में समाजवादी पार्टी के नेता अबू आसिम आजमी ने शिरकत की। सामने आई तस्वीरों में स्वरा भास्कर की खास दोस्त और बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर भी लंच पार्टी में नजर आ रही हैं।

## मोनालिसा भोजपुरी क्वीन की दिलकश तस्वीरें हुई वायरल, आउटफिट से अधिक फिगर की तारीफ

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा की नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने सफेद कलर की ड्रेस पहन रखी है। हालांकि अपनी दिलकश तस्वीरों की वजह से हमेशा चर्चा में रहने वाली मोनालिसा इस बार अपने फिगर को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। **मोनालिसा की तस्वीरों पर फैंस का कॉमेंट है कमाल-** भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा अपने काम से ज्यादा तस्वीरों को लेकर चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव हैं और आए दिन फैंस संग हर छोटी बड़ी खुशियां शेयर करती रहती हैं। अब वैलेंटाइन वीक चल रहा है। ऐसे में एक्ट्रेस की खूबसूरत तस्वीरें वायरल ना हो ऐसा हो नही सकता है। मोनालिसा की कुछ हसीन तस्वीरें एक बार फिर जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की अदाओं से भी ज्यादा उनके फिगर की तारीफ हो रही है। फैंस इन तस्वीरों को एकटक देखे ही जा रहे हैं। वहीं इनपर यूजर्स के कॉमेंट भी कमाल के हैं।वायरल हो रही तस्वीरों को खुद मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, हैप्पी प्रपोज डे। इन तस्वीरों में सफेद ड्रेस में एक्ट्रेस की अदाएं इतनी खूबसूरत लग रही हैं कि महज 24 घंटे में इसपर 71 हजार से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं।



**मुझसे शादी करोगी?**मोनालिसा की इन तस्वीरों पर फैंस के कॉमेंट कमाल के हैं। और क्योकिं यह सारी तस्वीरें प्रपोज डे के खास मौके पर अपलोड हुई हैं इसलिए इनपर यूजर्स के रिएक्शन और भी जबरदस्त आ रहे हैं। यूं तो सब जानते कि मोनालिसा शादीशुदा हैं, बावजूद इसके एक यूजर ने एक्ट्रेस की तस्वीर पर कॉमेंट किया, मुझसे शादी करोगी? वहीं एक दूसरे यूजर ने उन्हें प्रपोज करते हुए लिखा आज प्रपोज डे है मैम, हां कर दीजिए।

**शर्ट में पोज देती मोनालिसा**-हालांकि यह पहली बार नहीं है जब मोनालिसा की तस्वीरें लोगों को दीवाना बना रही हैं। कुछ दिनों पहले ही एक्ट्रेस ने नीले रंग की शर्ट में तस्वीरें शेयर की थी। इन तस्वीरों पर भी फैंस तारीफ करते थक नहीं रहे थे। मोनालिसा की इस तस्वीर पर 50 हजार से भी ज्यादा लाइक मौजूद हैं।

# सेहत के लिए जरूरी है दोपहर की नींद

आपको जानकर हैरानी होगी कि पूरी दुनिया इस वक्त नींद की कमी से संघर्ष कर रही है। कुदरत की तरफ से दी गई ये सहूलियत अब Luxury बनती जा रही है। यानी अगर आप 8 से 9 घंटे की नींद ले रहे हैं तो आप दुनिया के सबसे खुशकिस्मत लोगों में से एक हैं। लेकिन हमें यकीन है कि आपमें से बहुत से लोग ऐसे होंगे जिन्हें पूरी नींद नहीं मिल पा रही होगी। नींद की कमी से संघर्ष कर रहे लोगों को हमारा आज का ये DNA टेस्ट जरूर देखना चाहिए। क्योंकि ये आपकी शारीरिक और मानसिक सेहत से जुड़ा विषय है। और हमें आपकी सेहत की फिक्र है। इस विश्लेषण के लिए हमने दुनिया के कई बड़े Institutes के रिसर्च Papers पढ़े हैं। आप में से बहुत सारे लोगों ने दोपहर की नींद या झपकी के बारे में ज़रूर सुना होगा, और आपको दोपहर का खाना खाने के बाद नींद ज़रूर आती होगी, लेकिन ज्यादातर लोग दोपहर में सो नहीं पाते हैं, क्योंकि तेज़ी से भागती जिंदगी में दोपहर तो क्या रात में भी ठीक से सोने का वक्त नहीं मिलता है। लेकिन आपको शायद ये नहीं पता होगा कि दोपहर के समय ली जाने वाली नींद आपको कई तरह के रोगों से बचा सकती है। और दोपहर में सोने वाले लोगों का दिमाग भी दूसरे लोगों के मुकाबले ज्यादा तेज़ चलने लगता है।अमेरिका के Harvard School of Public Health के मुताबिक जो लोग दोपहर में कुछ देर के लिए सो पाते हैं। उनमें Heart Attack की आशंका 33 प्रतिशत तक कम हो जाती है। कामकाजी लोगों को तो इससे और भी ज्यादा फायदा होता है। नौकरी या व्यापार करने वाले लोग अगर दोपहर में एक झपकी ले लें तो उनमें Heart Attack की आशंका 64 प्रतिशत तक कम हो सकती है। ज़रूरी नहीं है कि आप हर रोज़ दोपहर में सोएं। जो लोग हफ्ते में 3 बार भी, दोपहर में 30 मिनट तक सो पाते है। उन्हें दिल की बीमारियां होने की आशंका 37 प्रतिशत तक कम हो जाती है। कुछ दिनों पहले चीन में भी दोपहर की नींद पर एक प्रयोग किया गया था। इस प्रयोग में 65 वर्ष से ऊपर के 3 हज़ार बुजुर्गों को शामिल किया गया। प्रयोग के दौरान पता चला कि जिन बुजुर्गों ने दोपहर में कम से कम 1 घंटे की नींद ली थी उन्होंने दूसरे बुजुर्गों के मुकाबले गणित के सवाल ज्यादा आसानी से हल कर लिए थे। यानी दोपहर की नींद आपको Reboot और Refresh कर देती है। और आपका दिमाग कम्पयूटर की तरह चलने लगता है। दोपहर की नींद को अंग्रेज़ी में Afternoon Nap या Siesta भी कहते हैं। Siesta एक स्पेनिश शब्द है। जिसका अर्थ होता है दोपहर के वक्त ली जाने वाली छोटी अवधि की नींद, ये नींद अक्सर दोपहर का खाना खाने के बाद ली जाती है। गर्म देशों में तो Siesta यानी दोपहर की नींद परंपरा का हिस्सा हैं। लेकिन 24 घंटे और सातों दिन काम काम में जुटे रहने वाली जीवनशैली ने दोपहर की नींद की अहमियत बहुत कम कर दी है। भारतीय संस्कृति में भी दोपहर की नींद का काफी महत्व रहा है।





## स्मार्टफोन के बढ़ रहे प्रभाव में टूट रही हैं रिश्तों की डोर

शहर की एक बैंककर्मी नताशा (बदला हुआ नाम) व आइटी इंजीनियर नितिन की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही दोनों एक ही शहर में अलग-अलग रहने लगे। माता-पिता को पता चला तो उन्होंने उन दोनों के बीच की समस्याएं जानने की कोशिश की, लेकिन सब कुछ ठीक होने के बाद भी वे साथ नहीं रहना चाहते। ऐसे में माता-पिता उन्हें साइकोलॉजिस्ट के पास ले गए। वहां पता चला कि दोनों अकेले रहना चाहते हैं क्योंकि वे अपने जीवन में दखल नहीं चाहते। साइकोलॉजिस्ट ने जब उनकी पूरी दिनचर्या जानी तो पता चला कि वे प्रतिदिन तकरीबन आठ घंटे फोन पर रहते थे। उन्हें अपने वर्चुअल सोशल लाइफ इतनी भा रही थी कि असल जिंदगी के रिश्तों को उसमें दखल मानते थे। यही कारण है कि दोनों के बीच भावनात्मक लगाव की जगह दूरियां बढ़ती गई। यह बातें गुरुग्राम की क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट व काउंसलर निधि ने बताई। उनके मुताबिक यह किस्सा केवल किसी एक जोड़े का नहीं है बल्कि कहीं न कहीं किसी हद तक हर तीसरा युवा जोड़ा इस तरह की समस्या से जूझ रहा है। टूटने की वजह यह है कि लोगों को फोन की लत लग जाती है। एक ऐसी स्थिति आ जाती है कि फोन रख भी दिया जाए तो भी दिमाग वहीं रहता है और हाथ खुद बखुद फोन की तरफ पहुंच जाते हैं। यह स्थिति बेहद खतरनाक साबित हो रही है।

## धर्म दर्शन

# जानिए कैसे भगवान शिव के गले में लिपटे नागराज वासुकि


भोलेनाथ के स्वरूप की बात करें तो वह बाघ की छाल से अपने तन को ढकते हैं उनकी जटाओं में मां गंगा वास करती हैं सिर पर चंद्र और गले में नागराज धारण करते हैं। आइए जानते हैं क्यों भगवान शिव करते हैं गले में नागराज को धारण?

हिन्दू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास के कृष्ण की त्रयोदशी तिथि के दिन भगवान शिव को समर्पित महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 18 फरवरी 2023, शनिवार के दिन मनाया जाएगा। वैदिक धर्मग्रन्थों के अनुसार इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भगवान शिव के विख्यात रूप और बारात को देखकर माता पार्वती दंग रह गई थीं। भगवान शिव ने बाघ की छाल से तन को ढका हुआ था, शरीर पर भस्म रमी हुई थी, गले में रुद्राक्ष के साथ-साथ नागराज बैठे हुए थे। भगवान शिव के इस स्वरूप से हम सब भी परिचित हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भोलेनाथ के गले में लिपटे हुए सांप के पीछे अत्यंत रोचक कथा है। आइए जानते हैं कि क्यों भगवान शिव गले में धारण करते हैं नागराज?



**भगवान शिव और नागराज वासुकि का अटूट संबंध** वैदिक धर्मग्रन्थों में बताया गया है कि भगवान शिव के गले में लिपटे हुए सांप का नाम वासुकि है, जिन्हें सभी नागों का राजा कहा जाता है। कथा के अनुसार हिमालय में नाग वंश के लोग वास करते थे, जिन्हें भगवान शिव से बहुत लगाव था। इन्हीं में से एक नागराज वासुकि भगवान शिव के परम भक्त थे। नागराज वासुकि की भक्ति से प्रसन्न होकर भोलेनाथ ने उन्हें अपने गले में धारण करने का वरदान दिया था और तब से वह अमर हो गए।

भगवान श्री कृष्ण और **समुद्र मंथन से जुड़ता है नागराज का संबंध** किवदंतियों के अनुसार जब भगवान श्री कृष्ण को उनके पिता वासुदेव गोकुल ले जा रहे थे, तब नागराज वासुकि ने ही यमुना के तूफान में उनकी रक्षा की थी। इसके साथ जब देवताओं और दैत्यों के बीच अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन किया गया था, उस दौरान मेरू पर्वत को मथने के लिए वासुकि नाग का ही रस्सी के रूप में प्रयोग लिया गया था। इसी दौरान समुद्र मंथन के दौरान निकले विष को भगवान शिव ने गले में धारण कर लिया था और घर्षण के कारण वासुकि लहूलुहान हो गए थे। पुराणों में यह भी बताया गया है कि नागराज वासुकि के सिर पर नागमणि स्थपित है।



## भूलकर भी इन लोगों के साथ साझा न करें अपनी योजनाएं, बढ़ सकती हैं मुश्किलें

जीवन में ज्ञान का विशेष महत्व है और अच्छे ज्ञान के लिए उत्तम मार्गदर्शक की आवश्यकता होती है। ऐसे ही एक महान मार्गदर्शक थे आचार्य चाणक्य, जिनकी नीतियों का पालन कर वर्तमान समय में भी लाखों युवा सफल जीवन की ओर आगे बढ़ रहे हैं। बता दें कि आचार्य चाणक्य को न केवल राजनीति, कूटनीति व अर्थनीति का उत्तम ज्ञान था, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण नीतियों का भी वह विस्तृत ज्ञान रखते थे। उनके द्वारा रचित चाणक्य नीति इस बात का सबसे अच्छा उदाहरण है। आज चाणक्य नीति के इस भाग में हम जानेंगे कि व्यक्ति को अपनी निजी भावनाओं को किन लोगों के साथ साझा नहीं करना चाहिए।

**चाणक्य नीति के इन बातों रखें ध्यान**

**मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।**
**मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्य चापि नियोजयेत् ।।**

चाणक्य नीति के इस श्लोक में बताया गया है कि व्यक्ति को अपने मन में सोचे गए विचार और योजना को किसी के साथ भूलकर भी साझा नहीं करना चाहिए। बल्कि उस योजना को मंत्र के समान गुप्त रखकर, उसकी रक्षा करनी चाहिए।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# रक्षा का विस्तार

भारत की रक्षा पंक्तियों को समय और जरूरत के अनुरूप मजबूत बनाना जरूरी है। इसी कड़ी में कम से कम 9,400 जवानों वाली सात नई बटालियनों को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में जोड़ा जाएगा। अरुणाचल में एक नया सेक्टर मुख्यालय भी बनाया जाएगा। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि चीन से लगती भारतीय सीमा पर दिनों-दिन जरूरत बढ़ती जा रही है। सीमा पर रक्षा पंक्ति को मजबूत करने के लिए 4.1 किलोमीटर लंबी सुरंग को भी मंजूरी दी गई, जो लद्दाख तक हर मौसम में पहुंच की गारंटी देगी। सीमा पर बसे लोगों को भी निवास के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह गौर करने की बात है कि चीन अपनी ओर सीमा में बसावट पर भी ध्यान दे रहा है। भारत को भी अपना कोई इलाका खाली नहीं छोड़ना चाहिए और खाली इलाकों में रक्षा से रौनक पैदा करने के लिए जवानों की जरूरत बढ़ गई है। सीमावर्ती चौकियों पर अभी भी आईटीबीपी के जवान तैनात हैं और जवानों की कमी की चर्चा बीच-बीच में सामने आती रही है। नई बटालियनों के बनने से चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता भी पैदा होगी। आशंका और असुरक्षा में कमी आएगी। हालांकि, चीन के साथ तुलना करें, तो यह संख्या अभी भी कम है। आने वाले दिनों में सरकार को और ज्यादा नियुक्तियां या भर्तियां करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4,800 करोड़ रुपये के व्यय के साथ केंद्र प्रायोजित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को भी मंजूरी दी है। इससे चीन की सीमा से लगते चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास और आजीविका के अवसरों को बढ़ावा दिया जाएगा। खबरें स्पष्ट हैं कि सीमा पर स्थित गांवों से पलायन हो रहा है, क्योंकि चीन का खतरा वास्तविक है, अतः इन गांवों में लोगों के रोजगार की व्यवस्था हर लिहाज से सही है और यह काम सरकार को युद्ध स्तर पर करना चाहिए। सीमा पर बसे गांवों में लोग अगर खुशहाल होंगे, तो इससे भारतीय रक्षा पंक्ति को मजबूती मिलेगी। विशेष रूप से साल 2020 में गलवान में झड़पों के बाद से आईटीबीपी का विस्तार जरूरी हो गया था। आईटीबीपी के लिए और अधिक बटालियनों को शामिल करने का फैसला करीब 10 वर्ष के समय में पहली बार हुआ है। इस सुरक्षा बल में आगामी तीन वर्ष में 63 बटालियनें हो जाएंगी। सेना की मजबूती पर ध्यान प्रशंसनीय है। यह एक ऐसा मोर्चा है, जहां प्रचार कम और काम अधिक करना ही ज्यादा अच्छा रहता है। भारत अपने को हर दिशा से चाक-चौबंद बना रहा है, तो यह बढ़ते खतरों को देखते हुए आवश्यक है।


राम गोपाल सैनी

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# जयपुर की मिताली सोनी यंगेस्ट फ़िल्ममेकर ऑफ द ईयर अवार्ड से हुई सम्मानित




मुम्बई (हमारा वतन)। जयपुर निवासी मिताली सोनी ने राजस्थान के गौरव को मुम्बई में रोशन किया, जब उन्हें मुम्बई में फिल्मी जगत की अनेक प्रख्यात सख्शियतो के बीच दादा साहब फाल्के इन्डियन टेलिविजन अवार्ड से सम्मानित किया गया। फिल्मोरा मीडिया द्वारा ताज सांता क्रुज, मुम्बई में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें मुम्बई के असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर संजय पाटिल व अन्य हस्तियों के कर कमलों से दादा साहब फाल्के इंडियन टेलिविजन अवार्ड के तहत यंगेस्ट फिल्ममेकर ऑफ द ईयर कैटेगिरी में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बॉलीवुड एवं टीवी जगत की विभिन्न नामी ग्रामी हस्तियों के साथ उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ, जिनमें एक्ट्रेस डोनल बिष्ट (रूप - मर्द का नया स्वरूप फेम), बिग बॉस फेम एक्ट्रेस बंदगी कालरा, कामना फेम एक्ट्रेस चांदनी शर्मा, कुंडली भाग्य फेम अनीशा हिंदुजा (राखी मां), इश्कबाज फेम एक्टर कुणाल जयसिंह, एक्टर आयुष आनंद (तू सूरज मैं सांझ पिया जी, इश्कबाज, बालिका वधु फेम), महाराणा प्रताप फेम एक्ट्रेस स्मिता डोंगरे सहित अनेक शख्सियतें भी शामिल रही।

# राजस्थान के 8 जिलों में माइनर मिनरल के 71 खनन प्लाटों की एक मार्च से ई-नीलामी

जयपुर (नि.सं.)। माइंस विभाग ने 8 जिलों में माइनर मिनरल के 71 खनन प्लाटों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरु कर दी है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम व जलदाय डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि इन खनन प्लाटों की एक मार्च से 15 मार्च तक भारत सरकार के ई-प्लेटफार्म पर ई-नीलामी होगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि माइंस विभाग ने माइनर मिनरल ग्रेनाइट, क्वार्ट्ज, फेल्सपार, सेंडस्टोन, सिलिकासेंड, मेसेनरी स्टोन, डाइमेंशनल लाईमस्टोन आदि के नीलामी के लिए 71 प्लॉट तैयार किए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वैध खनन को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक खनि प्लॉट तैयार कर नीलाम करने के निर्देशों की अनुपालना मे विभाग द्वारा प्रदेश में अधिक से अधिक खनन प्लॉट तैयार कर नीलामी को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि माइंस व गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने नीलामी में पारदर्शिता व प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही विभागीय वेबसाइट व भारत सरकार के पोर्टल पर विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई है ताकि अधिक से अधिक लोग दुनिया के किसी भी कोने से नीलामी में हिस्सा ले सकें। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि विभाग द्वारा खनिज प्लॉट तैयार कर नीलामी की



कार्यवाही में इस साल अधिक तेजी लाई गई। प्रदेश में 17 फरवरी को ही माइनर मेजर के 630 खनिज प्लॉटों की ई नीलामी प्रक्रिया पूरी होने जा रही है।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा खनिज संभावित क्षेत्रों में खनिज प्लॉट तैयार कर प्राथमिकता से ई नीलामी पर बल दिया जा रहा है ताकि खनि संपदा के अवैध खनन पर कारगर रोक लगाने के साथ ही वैध खनन को बढ़ावा दिया जा सके। इसके साथ ही राजस्व छीजत रोकी जा सकें। निदेशक माइंस संदेश नायक ने बताया कि 71 खनिज प्लॉटों की ई नीलामी के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।



## मानदेयकर्मियों के बकाया मानदेय का भुगतान होगा शीघ्र : ममता भूपेश

जयपुर(नि.सं.)। महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने विधानसभा में कहा कि छबड़ा विधानसभा क्षेत्र में मानदेयकर्मियों को दिसम्बर माह तक का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनवरी, फरवरी एवं मार्च की केन्द्रांश की राशि प्राप्त होते ही बकाया भुगतान भी कर दिया जाएगा। भूपेश ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि छबड़ा विधानसभा क्षेत्र में बेबी मिक्स तथा पूरक पोषाहार का 4 करोड रुपये का भुगतान बकाया है, जिसे शीघ्र जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2020 में कोरोना आने के बाद स्वयं सहायता समूहों का कार्य बंद हो गया था। उस समय पूरे प्रदेश की बकाया राशि लगभग 350 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि एसएचजी को लगातार भुगतान करने के बाद अब यह राशि करीब 80 करोड़ रुपये रह गई है। इससे पहले महिला एवं बाल विकास मंत्री ने विधायक प्रताप सिंह के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि विधानसभा क्षेत्र छबडा में मांग अनुसार वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को समय पर मानदेय भुगतान हेतु बजट दिया गया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र छबड़ा में वर्ष 2019-20 के पूरक पोषाहार के बकाया दायित्वों में परियोजना छबड़ा में राशि 3 करोड़ 24 लाख 71 हजार 832 रूपये एवं परियोजना छीपाबड़ोद में राशि 2 करोड़ 54 लाख रूपये भुगतान हेतु शेष थे।

## शिव - शक्ति

जन्म - मृत्यु के सवाल में
काल और कलिकाल में
ध्यान में भी मस्त शिव
श्रृंगी - डमरू के ताल में
शिव शक्ति के भी शक्ति हैं
जिन्हे शक्ति से आशक्ति है
मृत्यु के भी काल शिव
कभी कर्पूर गौर
कभी विकराल शिव
जीवन की उलझी गिरह में
जवाब शिव... सवाल शिव
सारी बाधाओं को समेट लें
अपनों की प्रथम पंक्ति हैं
शिव शक्ति के भी शक्ति हैं
जिन्हे शक्ति से आशक्ति है
निराश जन के आस शिव
भक्तों के हैं विश्वास शिव
संस्कार के हर एक स्थान पर
वास शिव और प्रवास शिव
सांसारिक दुःख से बचने का
एकमात्र शिव ही युक्ति हैं
शिव शक्ति के भी शक्ति हैं
जिन्हे शक्ति से आशक्ति है
धूप शिव और छाँह शिव
मुक्ति के हैं राह शिव
भक्ति की अविरल गंगा के
कलकल बहते प्रवाह शिव
शिव को सब स्वीकार है
शिव भक्तों की अभिव्यक्ति हैं
शिव शक्ति के भी शक्ति हैं
जिन्हे शक्ति से आशक्ति है



-सिद्धार्थ गोरखपुरी




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा